CBSE Class 12 Hindi Core 2015 - 2/1/3 - Annual

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

(iv) प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए गए हैं। इस अवधि में उत्तर न लिखें।

Section क

1. पैदा करती कलम विचारों के जलते अंगारे,
और प्रज्वलित प्राण देश क्या कभी मरेगा मारे ?
लहू गर्म करने को रक्खो मन में ज्वलित विचार,
हिंस्र जीव से बचने को चाहिए किन्तु तलवार ।
एक भेद है और जहाँ निर्भय होते नर-नारी
कलम उगलती आग, जहाँ अक्षर बनते चिंगारी
जहाँ मनुष्यों के भीतर हरदम जलते हैं शोले,
बातों में बिजली होती, होते दिमाग में गोले ।
जहाँ लोग पालते लहू में हालाहल की धार
क्या चिंता यदि वहाँ हाथ में हुई नहीं तलवार ?

1(क). कलम किस बात की प्रतीक है ?

1(ख). तलवार की आवश्यकता कहाँ पड़ती है ?

1(ग). लहू को गर्म करने से कवि का क्या आशय है ?

1(घ). कैसे व्यक्ति को तलवार की आवश्यकता नहीं होती ?

1(ङ). तलवार कब अपरिहार्य हो जाती है ?

2. राष्ट्र केवल ज़मीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों से परम्परा के रूप में प्राप्त होती है । जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं – हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती है । ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या सम्प्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है । राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है ।
जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है । राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है – देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े । महात्मा गांधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किंतु वे अपने निश्चय में अटल रहे । व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं ।
जब-जब भारत में फूट पड़ी, तब-तब विदेशियों ने शासन किया । चाहे जातिगत भेदभाव हो या भाषागत – तीसरा व्यक्ति उससे लाभ उठाने का अवश्य यत्न करेगा । आज देश में अनेक प्रकार के आन्दोलन चल रहे हैं । कहीं भाषा को लेकर संघर्ष हो रहा है तो कहीं धर्म या क्षेत्र के नाम पर लोगों को निकाला जा रहा है जिसका परिणाम हमारे सामने है । आदमी अपने अहं में सिमटता जा रहा है । फलस्वरूप राष्ट्रीय बोध का अभाव परिलक्षित हो रहा है ।

2(क). गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

2(ख). अस्तित्व एवं अनिवार्य से प्रत्यय और उपसर्ग छाँटकर लिखिए ।

2(ग). "जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है ।" रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार लिखिए ।

2(घ). 'स्व' से क्या तात्पर्य है, उसे मिटाना क्यों आवश्यक है ?

2(ङ). आशय स्पष्ट कीजिए – "राष्ट्र केवल ज़मीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है ।"

2(च). राष्ट्रीयता से लेखक का क्या आशय है ? गद्यांश में चर्चित दो राष्ट्रभक्तों के नाम लिखिए ।

2(छ). राष्ट्रीय बोध का अभाव किन-किन रूपों में दिखाई देता है ?

2(ज). राष्ट्र के उत्थान में व्यक्ति का क्या स्थान है ? उदाहरण सहित लिखिए ।

2(झ). व्यक्तिगत स्वार्थ एवं राष्ट्रीय भावना परस्पर विरोधी तत्त्व हैं । कैसे ? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

Section ख

3(क). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : प्रगति-पथ पर भारत

3(ख). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : क्या नहीं कर सकती नारी ?

3(ग). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : बेरोज़गारी की समस्या

3(घ). निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : क्यों पढ़ें हिंदी ?

4. भारतीय युवाओं में क्रिकेट खेल के प्रति अत्यधिक लगाव की चर्चा करते हुए अन्य खेलों के प्रति उदासीनता के बारे में किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।

4(अथवा). दूरदर्शन केन्द्र निदेशक को प्रायोजित कार्यक्रमों की अधिकता एवं उनके गिरते हुए स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए ।

5(क). जन संचार के किन्हीं दो कार्यों पर प्रकाश डालिए ।

5(ख). इंटरनेट तेजी से लोकप्रिय क्यों हो रहा है ? दो कारण लिखिए ।

5(ग). खोजी पत्रकारिता का क्या आशय है ?

5(घ). संपादन के किन्हीं दो सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए ।

5(ङ). फ्री-लांसर से आप क्या समझते हैं ?

6. 'आँखों देखा जलप्रलय' पर एक आलेख लिखिए ।

6(अथवा-1). 'टूटते-बिखरते रिश्ते' पर एक आलेख लिखिए ।

6(अथवा-2). हाल ही में पढ़े किसी मनोरंजक कहानी संग्रह की समीक्षा कीजिए ।

7. 'जंक फूड की समस्या' विषय पर एक फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

7(अथवा). 'स्वच्छता अभियान' विषय पर एक फ़ीचर का आलेख लिखिए ।

Section ग

8. ज़िन्दगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है;
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है ।
गरबीली गरीबी यह, ये गंभीर अनुभव सब
यह विचार-वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह, अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है
इसलिए कि पल-पल में
जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है
संवेदन तुम्हारा है ।

8(क). कवि जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को सहर्ष स्वीकार क्यों करता है ?

8(ख). गरीबी के लिए प्रयुक्त विशेषण का औचित्य और सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

8(ग). कवि किन्हें नवीन और मौलिक मानता है तथा क्यों ?

8(घ). 'जो कुछ भी मेरा है वह तुम्हें प्यारा है' – इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

OR

8. पतंगों के साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे
अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं
पृथ्वी और भी तेज घूमती हुई आती है
उनके बेचैन पैरों के पास ।

8(क). सुनहले सूरज के सामने आने से कवि का क्या आशय है ?

8(ख). गिरकर बचने पर बच्चों में क्या प्रतिक्रिया होती है ?

8(ग). पैरों को बेचैन क्यों कहा गया है ?

8(घ). "पतंगों के सहारे वे भी उड़ रहे हैं" – आशय स्पष्ट कीजिए ।

9. प्रभु प्रताप सुनि कान
विकल भए वानर निकर
आइ गयउ हनुमान
जिमि करुना महँ वीर रस ।

9(क). भाषा प्रयोग की दो विशेषताएँ लिखिए ।

9(ख). काव्यांश का भाव सौन्दर्य लिखिए ।

9(ग). काव्यांश की अलंकार योजना पर प्रकाश डालिए ।

OR

9. अट्टालिका नहीं है रे, आतंक भवन
सदा पंक पर ही होता, जल विप्लव प्लावन
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से, सदा छलकता नीर
रोक शोक में भी हँसता है, शैशव का सुकुमार शरीर ।

9(क). काव्यांश की दो भाषिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

9(ख). काव्यांश की अलंकार योजना पर प्रकाश डालिए ।

9(ग). काव्यांश का भाव सौन्दर्य लिखिए ।

10(क). तुलसीदास के कवित्त के आधार पर तत्कालीन समाज की आर्थिक विषमता पर प्रकाश डालिए ।

10(ख). "बात सीधी थी" – कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए ।

10(ग). सबसे तेज बौछारों के साथ भादों के बीत जाने के बाद प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण 'पतंग' कविता के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए ।

11. लोभ का यह जीतना नहीं कि जहाँ लोभ होता है, यानी मन में, वहाँ नकार हो ! यह तो लोभ की ही जीत है और आदमी की हार । आँख अपनी फोड़ डाली, तब लोभनीय के दर्शन से बचे तो क्या हुआ ? ऐसे क्या लोभ मिट जाएगा ? और कौन कहता है कि आँख फूटने पर रूप दीखना बन्द हो जाएगा ? क्या आँख बन्द करके ही हम सपने नहीं लेते हैं ? और वे सपने क्या चैन-भंग नहीं करते हैं ? इससे मन को बन्द कर डालने की कोशिश तो अच्छी नहीं । वह अकारथ है यह तो हठवाला योग है । शायद हठ-ही-हठ है, योग नहीं है । इससे मन कृश भले ही हो जाए और पीला और अशक्त; जैसे विद्वान का ज्ञान । वह मुक्त ऐसे नहीं होता । इससे वह व्यापक की जगह संकीर्ण और विराट की जगह क्षुद्र होता है । इसलिए उसका रोम-रोम मूँदकर बन्द तो मन को करना नहीं चाहिए ।

11(क). 'लोभ को नकारना लोभ की ही जीत है' – कैसे ?

11(ख). आँख फोड़ने का दृष्टांत क्यों दिया गया है ?

11(ग). 'शायद हठ ही है, योग नहीं है' – आशय स्पष्ट कीजिए ।

11(घ). मुक्त होने के लिए लेखक के अनुसार आवश्यक शर्त क्या है ?

OR

11. प्लेटफार्म पर उसके बहुत से दोस्त, भाई, रिश्तेदार थे, हसरत भरी नज़रों, बहते हुए आँसुओं, ठंडी साँसों और भिंचे हुए होठों को बीच में से काटती हुई रेल सरहद की तरफ बढ़ी । अटारी में पाकिस्तानी पुलिस उतरी, हिन्दुस्तानी पुलिस सवार हुई । कुछ समझ में नहीं आता था कि कहाँ से लाहौर खत्म हुआ और किस जगह से अमृतसर शुरू हो गया । एक ज़मीन थी, एक ज़बान थी, एक-सी सूरतें और लिबास, एक-सा लबो लहज़ा, और अंदाज़ थे, गालियाँ भी एक ही सी थीं जिनसे दोनों बड़े प्यार से एक दूसरे को नवाज़ रहे थे । बस मुश्किल सिर्फ़ इतनी थी कि भरी हुई बन्दूकें दोनों के हाथों में थीं ।

11(क). क्यों पता नहीं लगता कि कहाँ लाहौर खत्म हुआ और कहाँ अमृतसर शुरू हुआ ?

11(ख). प्लेटफार्म पर खड़े लोगों की दशा कैसी थी, और क्यों ?

11(ग). पाकिस्तान और हिन्दुस्तान की पुलिस कहाँ बदली और क्यों ?

11(घ). आशय स्पष्ट कीजिए – 'मुश्किल सिर्फ इतनी थी कि भरी हुई बंदूकें दोनों के हाथों में थीं ।'

12(क). महादेवी वर्मा और भक्तिन के संबंधों की तीन विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए ।

12(ख). 'बाज़ार दर्शन' के आधार पर 'बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

12(ग). 'काले मेघा पानी दे' पाठ में 'गगरी फूटी बैल पियासा' कथन के पीछे छिपी वेदना को स्पष्ट कीजिए ।

12(घ). यह क्यों कहा गया है कि 'चार्ली चैपलिन पर अभी 50 वर्षों तक काफ़ी कुछ कहा जाएगा' ?

12(ङ). नमक की पुड़िया ले जाने – न ले जाने के बारे में सफ़िया के मन का द्वन्द्व स्पष्ट कीजिए ।

13. 'सिल्वर वैडिंग' के आधार पर उन जीवन मूल्यों पर विचार कीजिए, जो यशोधर बाबू को किशनदा से उत्तराधिकार में मिले थे । आप उनमें से किन्हें अपनाना चाहेंगे ?

14(क). मुअनजो दड़ो की सभ्यता पूर्ण विकसित मानव सभ्यता थी, कैसे ? पाठ के आधार पर उदाहरण देकर पुष्ट कीजिए ।

14(ख). ऐन फ्रैंक की डायरी में ऐसी क्या विशेषताएँ हैं कि वह पिछले 50 वर्षों में विश्व में सबसे अधिक पढ़ी गई पुस्तकों में एक है ?

- End of Question Paper -